दीक्षान्त समारोह 2022 के आयोजन सम्बन्धी निर्देश

1. दीक्षान्त कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 27 अगस्त, 2022 को प्रातः 11.00 बजे से आयोजित होगा।
2. दीक्षान्त समारोह में पी–एच.डी. एवं स्नातकोत्तर स्तर की उपाधियां प्रदान की जावेगी।
3. दीक्षान्त में प्रतिभागिता हेतु आवेदन निर्धारित प्रपत्र पर वांछित शुल्क की रसीद एवं सहपत्रों (पी–एच.डी. नोटीफिकेशन/अंकसूची की प्रति एवं कलर पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ) के साथ <u>20 अगस्त, 2022 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय कार्यालय (उपाधि शाखा) में प्रस्तुत करने होंगे।</u>
4. दीक्षान्त कार्यक्रम में विभिन्न संकायों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रावीण्यता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक भी दिये जावेंगे। स्वर्ण पदक के पात्र छात्र/छात्राओं की सूची पृथक से विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।
5. दीक्षान्त समारोह में पी–एच.डी. स्तर एवं स्वर्णपदक धारी छात्र/छात्राओं को मंच से उपाधि एवं स्वर्णपदक प्रदान किये जावेंगे तथा स्नातकोत्तर स्तर के छात्र/छात्राओं को सभागार में एक साथ खड़े कर उपाधियां प्रदान की जावेंगी।
6. दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाले छात्र/छात्रायें अनिवार्य रूप से दिनांक 27 अगस्त, 2022 को प्रातः 9.30 बजे तक सभागार में अपना स्थान ग्रहण कर लें। 9.30 बजे के पश्चात किसी भी छात्र/छात्रा को सभागार में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
7. समारोह में सभी प्रतिभागी निर्धारित गणवेश में (छात्राओं के लिये सफेद साड़ी ब्लाउज/सफेद सूट तथा छात्रों के लिये सफेद कुर्ता–पाजामा) उपस्थित हों।
8. गणवेश के अधोवस्त्र के रूप में साफा एवं जैकेट विश्वविद्यालय से रुपये 1000/– धरोहर राशि जमा कर प्राप्त की जा सकेगी जो कि कार्यक्रम के समापन के उसी दिन वापिस करनी होगी। जैकेट एवं साफा वापस होने पर संबंधित छात्र को धरोहर राशि तत्काल वापिस कर दी जावेगी।
9. साफा एवं जैकेट सभागार के बगल में स्थित गैलरी में निर्धारित स्थान से प्राप्त की जा सकेगी।
10. समारोह के दौरान समस्त आगुन्तक निर्धारित स्थान शान्तिपूर्वक बैठेंगें तथा सभागार में शोभा यात्रा के आगमन एवं निर्गमन के समय अपने अपने स्थान पर खड़े रहेंगे।

Scanned with OKEN Scanner

11. सभागार में कार्यक्रम के दौरान समस्त मोबाइल स्विच ऑफ रखने होंगे।
12. कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र/छात्रायें एवं आगुन्तुक निर्धारित स्थान पर ही अपने वाहन पार्क करें।
13. समारोह में भाग लेने वाले छात्र/छात्रायें यदि अपने साथ किसी परिजन को लाना चाहते हैं तो उन्हें इसकी सूचना पहले से कार्यक्रम संयोजक को देनी होगी ताकि परिजनों की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।
14. कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु यदि कोई छात्र/छात्रा आवासीय व्यवस्था चाहता है तो उसे विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में एक दिन पूर्व सूचना देकर अपना कक्ष आरक्षित कराना होगा।
15. समारोह में आमंत्रण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।
16. सभागार में धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
17. दीक्षान्त समारोह एक गरिमामयी कार्यक्रम है इसलिए सभागार में स्थित प्रत्येक प्रतिभागी को उपरोक्तानुसार दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करना होगा।

कुलसचिव

प्रति,

1. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. श्री संजय बरथरिया की ओर इस निर्देश के साथ कि वे दीक्षान्त आयोजन संबंधी दिशा निर्देशों को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर आज दिनांक 08.07.2022 को अपलोड करें।

सहायक/उप कुलसचिव (प्रशासन)

Scanned with OKEN Scanner